बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित **वि.सं.– 32/2014, कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी** के अर्हित एवं औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों की लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा दिनांक 28.02.2016 को एक पाली में निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी:–

क्रम सं॰	परीक्षा की तिथि एवं दिन	समय	विज्ञापन संख्या एवं विषय	परीक्षा केन्द्रों का नाम	सम्बद्ध अनुक्रमांक
1	28.02.2016 रविवार	12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक	32/2014, कम्प्यूटर साईस एण्ड इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी	जे.डी॰ वीमेन्स कॉलेज, पटना	320001 से 321358
				राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, शास्त्रीनगर, पटना– 23	321359 से 322106
				राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर, पटना– 23	322108 से 322708

2. उपर्युक्त विज्ञापन सं॰– 32/2014 से सम्बन्धित उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इस विज्ञापन के तहत लिखित परीक्षा के लिए प्रारंभिक रूप से अर्हित (Eligible), औपबंधिक रूप से अर्हित (Provisionally eligible) एवं अनर्हित (Ineligible) उम्मीदवारों की सूची (विलम्ब से प्राप्त आवेदनों की सूची सहित) आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित की जा रही है। अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र भी शीघ्र उक्त वेबसाईट पर प्रकाशित किए जाएँगें। **अनर्हित उम्मीदवारों को अलग से अस्वीकृति पत्र नहीं भेजे जाएँगें।** उक्त सूची में अंकित अनर्हित उम्मीदवार को अगर कोई आपत्ति हो, तो अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में अभ्यावेदन विज्ञापन में निर्धारित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.09.2014 तक निर्गत शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से सिर्फ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से **दिनांक 15.02.2016** तक दे सकते हैं। **उसके बाद प्राप्त होने वाले अभ्यावेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**
3. सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इस परीक्षा में शामिल होने मात्र से आपकी अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। परीक्षाफल प्रकाशन के किसी भी स्तर पर आपकी अर्हता की समीक्षा करने के उपरान्त उसपर यथोचित निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित होगा।
4. उपर्युक्त परीक्षा के लिए अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट पर परीक्षा की निर्धारित तिथि के एक सप्ताह पूर्व से उपलब्ध रहेंगे जिन्हें डाउनलोड कर उम्मीदवार परीक्षा में भाग ले सकते हैं। **उम्मीदवारों को डाक से (By Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे।**
5. सभी अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवार परीक्षा की तिथि को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र, यथा मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि मूल में एवं इसकी एक छायाप्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे।
6. उक्त सूचना आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

1/2/2016

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना